This question paper contains 8 printed pages]

133-N

B.A. (Part-III) Examination, 2022

(For Non-Collegiate Candidates)

हिन्दी साहित्य

Paper II

नाटक और निबंध

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

*This question paper contains **three** sections as under :*

Section-A **खण्ड 'अ'** ***Max. Marks-10***

*This section contains **one** compulsory question with **10** parts. Answer of each part should not exceed **20** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **एक** अनिवार्य प्रश्न है जिसमें **10** भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर **20** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Section-B **खण्ड 'ब'** ***Max. Marks-50***

*This section contains **10** questions or exlanations. Attempt **5** questions or explanations in all, selecting **one** question or explanation from each unit. Answer of each question or explanation should not exceed **250** words. **All** questions or explanations carry equal marks.*

*इस खण्ड में **10** प्रश्न अथवा व्याख्याएँ हैं। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न अथवा व्याख्या का चयन करते हुए कुल **5** प्रश्नों अथवा व्याख्याओं के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न अथवा व्याख्या का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Section-C **खण्ड 'स'** ***Max. Marks-40***

*This section contains **4** questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt **2** questions in all. Answer of each question should not exceed **500** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **4** प्रश्न हैं, प्रश्नों के उप-भाग हो सकते हैं। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

https://pyqlele.com

खण्ड 'अ' 10×1=10

1. निम्नलिखित सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं–

(*i*) भारत दुर्दशा का प्रमुख कारण लेखक ने क्या बताया है ?

(*ii*) जयशंकर प्रसाद ने 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के माध्यम से क्या संदेश दिया है ?

(*iii*) 'देवदारु' किस प्रकार का निबन्ध है ?

(*iv*) 'साहित्य जन-समूह हृदय का विकास है' के लेखक कौन हैं ?

(*v*) 'जयशंकर प्रसाद' के ऐतिहासिक नाटकों के नाम लिखिए।

(*vi*) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का लेखक कौन है ?

(*vii*) हिन्दी रंगमंच का जन्मदाता किसे माना जाता है ?

(*viii*) किन्हीं **चार** निबन्ध शैलियों के नाम लिखिए।

(*ix*) निबन्ध के **चार** प्रकार लिखिए।

(*x*) 'मादा कैक्टस' नाटक के लेखक कौन हैं ?

खण्ड 'ब' 5×10=50

इकाई-I

2. निम्नांकित गद्यावतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

राजा अपने राष्ट्र की रक्षा करने में असमर्थ है, तब भी उस राजा की रक्षा होनी ही चाहिए। आमात्य, यह कैसी विवशता है। तुम मृत्युदण्ड के लिए उत्सुक। महादेवी आत्महत्या करने के लिए प्रस्तुत। फिर यह हिचक क्यों ? एक बार अंतिम बल से परीक्षा कर देखो । बचोगे तो राष्ट्र और सम्मान भी बचेगा, नहीं तो सर्वनाश ! 10

अथवा

3. आप धर्म के नियामक हैं। जिन स्त्रियों को धर्म-बंधनों में बाँधकर, उनकी सम्मति के बिना आप उनका सब अधिकार छीन लेते हैं, तब क्या धर्म के पास कोई प्रतिकार-कोई संरक्षण नहीं रख छोड़ते, जिससे वे स्त्रियाँ अपनी आपत्ति में अवलम्ब माँग सकें ? क्या भविष्य के सहयोग की कोरी कल्पना से उन्हें आप सन्तुष्ट रहने की आज्ञा देकर विश्राम ले लेते हैं । 10

https://pyqlele.com

इकाई-II

4. रामायण के समय से भारत में लोगों के हृदयगत भाव में कितना अन्तर हो गया था कि रामायण में दो प्रतिद्वन्दी भाई इस बात के लिए विवाद कर रहे थे कि यह समस्त राज्य और राज्य सिंहासन हमारा नहीं है, यह सब तुम्हारे हाथ में रहे, अन्त में रामचन्द्र ने भरत को विवाद में पराभूत कर समस्त साम्राज्य उनके हस्तगत कर आप आनन्द-निर्भरचित्त हो सस्त्रीक वनवासी हुए। वहीं महाभारत में दो दायद भाई इस बात के लिए कलह करने पर सन्नद्ध हुए कि जितने में सुई का अग्र भाग ढक जाए, इतनी पृथ्वी भी बिना युद्ध के हम न देंगे। 10

अथवा

5. इसलिए अब इस सभ्यता और उन्नति के युग में पश्चिम निवासियों की यदि धर्म पर वह श्रद्धा नहीं है जो उनके पूर्वजों की थी तो वह सकारण है। यद्यपि पूर्वापेक्षा अब उनके धर्म का भी बहुत कुछ संस्कार हो गया है और शिक्षा की उन्नति के साथ-साथ जिसमें यूरोप और अमेरिका ने सबसे अधिक भाग लिया है, उनके धर्म में भी सहिष्णुता, स्वतंत्रता और उदारता की मात्रा बढ़ गई है। 10

इकाई-III

6. मगर वजन चाहिए। आप समझे नहीं। जैसे आपकी यह सुन्दर वीणा है, इसका भी वजन भोलाराम की दरख्वास्त पर रखा जा सकता है। मेरी लड़की गाना-बजाना सीखती है। यह मैं उसे दूँगा। साधुओं की वीणा तो पवित्र होती है। लड़की जल्दी संगीत सीख गयी, तो उसकी शादी भी हो जायेगी। 10

अथवा

7. हल्दी-दूब इस देश की संस्कृति को रूप और सौन्दर्य स्पर्श देते रहे हैं, कमल गन्ध देता रहा है, पर दधि-अच्छत् रस तथा शब्द देते रहे हैं। जिस प्रकार से आकाश भर जाता है, उसी प्रकार से अक्षत से अर्चन की थाली भर जाती है। जिस देश में बाहर-भीतर सभी आकाशों में युगों से अक्षत ब्रह्म का नाद आपूरित होता रहा हो, उस देश की जनकल्याणी अन्तरआत्मा को आसन देने के लिए इसी से अक्षत से बढ़कर कोई सामग्री उपयुक्त नहीं समझी गयी। 10

https://pyqlelo.com

इकाई-IV

8. हिन्दी नाटक की विकास-यात्रा पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 10

अथवा

9. हिन्दी निबंध के उद्भव एवं विकास को स्पष्ट कीजिए। 10

इकाई-V

10. निबंध की प्रमुख शैलियाँ कौन-कौनसी हैं ? एक लेखन शैली को सविस्तार समझाइए। 10

अथवा

11. भारतेन्दुयुगीन नाटकों का परिचय देते हुए उनकी विशेषताएँ बताइए। 10

खण्ड 'स' 2×20=40

12. भारतेन्दुयुगीन सामाजिक परिवेश के परिप्रेक्ष्य में 'भारत दुर्दशा' नाटक का मूल्यांकन कीजिए। 20

13. नाटकीय तत्वों के आधार पर 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समीक्षा कीजिए। 20

14. 'मधुर-मधुर रसराज' निबन्ध में व्यक्त लेखक के विचार स्पष्ट करते हुए लेखक के सन्देश को प्रस्तुत कीजिए। 20

15. 'उत्साह' निबन्ध में आचार्य शुक्ल ने जो विचार व्यक्त किए हैं, उन पर प्रकाश डालिए। 20

https://pyqlelo.com